# श्री लक्ष्मी चालीसा

Shri Lakshmi Chalisa

Source: npm — hindu-devotional-texts 0.8.0 immutable package record. Also compared: npm registry — signed hindu-devotional-texts 0.8.0 tarball; Internet Archive — 51 Chalisa Sangrah, Randhir Prakashan, scan leaves 186-189 / printed pages 183-186 (comparison only).

OPENING DOHA 1

मातु लक्ष्मी करि कृपा, करो हृदय में वास।
मनोकामना सिद्ध करि, परुवहु मेरी आस॥

Matu Lakshmi Kari Kripa, Karo Hridaya Mein Vasa |
Manokamana Siddha Kari, Paruvahu Meri Asa ||

SORATHA 1

यही मोर अरदास, हाथ जोड़ विनती करुं।
सब विधि करौ सुवास, जय जननि जगदम्बिका॥

Yahi Mora Aradasa, Hatha Joda Vinati Karun |
Saba Vidhi Karau Suvasa, Jaya Janani Jagadambika ||

CHAUPAI 1

सिन्धु सुता मैं सुमिरौ तोही।
ज्ञान, बुद्धि, विद्या दो मोही॥

Sindhu Suta Main Sumirau Tohi |
Jnana, Buddhi, Vidya Do Mohi ||

CHAUPAI 2

तुम समान नहिं कोई उपकारी।
सब विधि पुरवहु आस हमारी॥

Tuma Samana Nahin Koi Upakari |
Saba Vidhi Puravahu Asa Hamari ||

CHAUPAI 3

जय जय जगत जननि जगदम्बा।
सबकी तुम ही हो अवलम्बा॥

Jaya Jaya Jagata Janani Jagadamba |
Sabaki Tuma Hi Ho Avalamba ||

CHAUPAI 4

तुम ही हो सब घट घट वासी।
विनती यही हमारी खासी॥

Tuma Hi Ho Saba Ghata Ghata Vasi |
Vinati Yahi Hamari Khasi ||

CHAUPAI 5

जगजननी जय सिन्धु कुमारी।
दीनन की तुम हो हितकारी॥

Jagajanani Jaya Sindhu Kumari |
Dinana Ki Tuma Ho Hitakari ||

CHAUPAI 6

विनवौं नित्य तुमहिं महारानी।
कृपा करौ जग जननि भवानी॥

Vinavaun Nitya Tumahin Maharani |
Kripa Karau Jaga Janani Bhavani ||

CHAUPAI 7

केहि विधि स्तुति करौं तिहारी।
सुधि लीजै अपराध बिसारी॥

Kehi Vidhi Stuti Karaun Tihari |
Sudhi Lijai Aparadha Bisari ||

CHAUPAI 8

कृपा दृष्टि चितववो मम ओरी।
जगजननी विनती सुन मोरी॥

Kripa Drishti Chitavavo Mama Ori |
Jagajanani Vinati Suna Mori ||

CHAUPAI 9

ज्ञान बुद्धि जय सुख की दाता।
संकट हरो हमारी माता॥

Jnana Buddhi Jaya Sukha Ki Data |
Sankata Haro Hamari Mata ||

CHAUPAI 10

क्षीरसिन्धु जब विष्णु मथायो।
चौदह रत्न सिन्धु में पायो॥

Kshirasindhu Jaba Vishnu Mathayo |
Chaudaha Ratna Sindhu Mein Payo ||

CHAUPAI 11

चौदह रत्न में तुम सुखरासी।
सेवा कियो प्रभु बनि दासी॥

Chaudaha Ratna Mein Tuma Sukharasi |
Seva Kiyo Prabhu Bani Dasi ||

CHAUPAI 12

जब जब जन्म जहां प्रभु लीन्हा।
रूप बदल तहं सेवा कीन्हा॥

Jaba Jaba Janma Jahan Prabhu Linha |
Rupa Badala Tahan Seva Kinha ||

CHAUPAI 13

स्वयं विष्णु जब नर तनु धारा।
लीन्हेउ अवधपुरी अवतारा॥

Svayam Vishnu Jaba Nara Tanu Dhara |
Linheu Avadhapuri Avatara ||

CHAUPAI 14

तब तुम प्रगट जनकपुर माहीं।
सेवा कियो हृदय पुलकाहीं॥

Taba Tuma Pragata Janakapura Mahin |
Seva Kiyo Hridaya Pulakahin ||

CHAUPAI 15

अपनाया तोहि अन्तर्यामी।
विश्व विदित त्रिभुवन की स्वामी॥

Apanaya Tohi Antaryami |
Vishva Vidita Tribhuvana Ki Svami ||

CHAUPAI 16

तुम सम प्रबल शक्ति नहीं आनी।
कहं लौ महिमा कहौं बखानी॥

Tuma Sama Prabala Shakti Nahin Ani |
Kahan Lau Mahima Kahaun Bakhani ||

CHAUPAI 17

मन क्रम वचन करै सेवकाई।
मन इच्छित वाञ्छित फल पाई॥

Mana Krama Vachana Karai Sevakai |
Mana Ichchhita Vanchhita Phala Pai ||

CHAUPAI 18

तजि छल कपट और चतुराई।
पूजहिं विविध भाँति मनलाई॥

Taji Chhala Kapata Aura Chaturai |
Pujahin Vividha Bhanti Manalai ||

CHAUPAI 19

और हाल मैं कहौं बुझाई।
जो यह पाठ करै मन लाई॥

Aura Hala Main Kahaun Bujhai |
Jo Yaha Patha Karai Mana Lai ||

CHAUPAI 20

ताको कोई कष्ट नोई।
मन इच्छित पावै फल सोई॥

Tako Koi Kashta Noi |
Mana Ichchhita Pavai Phala Soi ||

CHAUPAI 21

त्राहि त्राहि जय दुःख निवारिणि।
त्रिविध ताप भव बन्धन हारिणी॥

Trahi Trahi Jaya Duhkha Nivarini |
Trividha Tapa Bhava Bandhana Harini ||

CHAUPAI 22

जो चालीसा पढ़ै पढ़ावै।
ध्यान लगाकर सुनै सुनावै॥

Jo Chalisa Padhai Padhavai |
Dhyana Lagakara Sunai Sunavai ||

CHAUPAI 23

ताकौ कोई न रोग सतावै।
पुत्र आदि धन सम्पत्ति पावै॥

Takau Koi Na Roga Satavai |
Putra Adi Dhana Sampatti Pavai ||

CHAUPAI 24

पुत्रहीन अरु सम्पति हीना।
अन्ध बधिर कोढ़ी अति दीना॥

Putrahina Aru Sampati Hina |
Andha Badhira Kodhi Ati Dina ||

CHAUPAI 25

विप्र बोलाय कै पाठ करावै।
शंका दिल में कभी न लावै॥

Vipra Bolaya Kai Patha Karavai |
Shanka Dila Mein Kabhi Na Lavai ||

CHAUPAI 26

पाठ करावै दिन चालीसा।
ता पर कृपा करैं गौरीसा॥

Patha Karavai Dina Chalisa |
Ta Para Kripa Karain Gaurisa ||

CHAUPAI 27

सुख सम्पत्ति बहुत सी पावै।
कमी नहीं काहू की आवै॥

Sukha Sampatti Bahuta Si Pavai |
Kami Nahin Kahu Ki Avai ||

CHAUPAI 28

बारह मास करै जो पूजा।
तेहि सम धन्य और नहिं दूजा॥

Baraha Masa Karai Jo Puja |
Tehi Sama Dhanya Aura Nahin Duja ||

CHAUPAI 29

प्रतिदिन पाठ करै मन माही।
उन सम कोइ जग में कहुं नाहीं॥

Pratidina Patha Karai Mana Mahi |
Una Sama Koi Jaga Mein Kahun Nahin ||

CHAUPAI 30

बहुविधि क्या मैं करौं बड़ाई।
लेय परीक्षा ध्यान लगाई॥

Bahuvidhi Kya Main Karaun Badai |
Leya Pariksha Dhyana Lagai ||

CHAUPAI 31

करि विश्वास करै व्रत नेमा।
होय सिद्ध उपजै उर प्रेमा॥

Kari Vishvasa Karai Vrata Nema |
Hoya Siddha Upajai Ura Prema ||

CHAUPAI 32

जय जय जय लक्ष्मी भवानी।
सब में व्यापित हो गुण खानी॥

Jaya Jaya Jaya Lakshmi Bhavani |
Saba Mein Vyapita Ho Guna Khani ||

CHAUPAI 33

तुम्हरो तेज प्रबल जग माहीं।
तुम सम कोउ दयालु कहुं नाहिं॥

Tumharo Teja Prabala Jaga Mahin |
Tuma Sama Kou Dayalu Kahun Nahin ||

CHAUPAI 34

मोहि अनाथ की सुधि अब लीजै।
संकट काटि भक्ति मोहि दीजै॥

Mohi Anatha Ki Sudhi Aba Lijai |
Sankata Kati Bhakti Mohi Dijai ||

CHAUPAI 35

भूल चूक करि क्षमा हमारी।
दर्शन दीजै दशा निहारी॥

Bhula Chuka Kari Kshama Hamari |
Darshana Dijai Dasha Nihari ||

CHAUPAI 36

बिन दर्शन व्याकुल अधिकारी।
तुमहि अछत दुःख सहते भारी॥

Bina Darshana Vyakula Adhikari |
Tumahi Achhata Duhkha Sahate Bhari ||

CHAUPAI 37

नहिं मोहिं ज्ञान बुद्धि है तन में।
सब जानत हो अपने मन में॥

Nahin Mohin Jnana Buddhi Hai Tana Mein |
Saba Janata Ho Apane Mana Mein ||

CHAUPAI 38

रूप चतुर्भुज करके धारण।
कष्ट मोर अब करहु निवारण॥

Rupa Chaturbhuja Karake Dharana |
Kashta Mora Aba Karahu Nivarana ||

CHAUPAI 39

केहि प्रकार मैं करौं बड़ाई।
ज्ञान बुद्धि मोहि नहिं अधिकाई॥

Kehi Prakara Main Karaun Badai |
Jnana Buddhi Mohi Nahin Adhikai ||

CLOSING DOHA 1

त्राहि त्राहि दुःख हारिणी, हरो वेगि सब त्रास।
जयति जयति जय लक्ष्मी, करो शत्रु को नाश॥

Trahi Trahi Duhkha Harini, Haro Vegi Saba Trasa |
Jayati Jayati Jaya Lakshmi, Karo Shatru Ko Nasha ||

CLOSING DOHA 2

रामदास धरि ध्यान नित, विनय करत कर जोर।
मातु लक्ष्मी दास पर, करहु दया की कोर॥

Ramadasa Dhari Dhyana Nita, Vinaya Karata Kara Jora |
Matu Lakshmi Dasa Para, Karahu Daya Ki Kora ||

Source licence notice (it travels with every copy of this text):

MIT License

Copyright (c) 2026 Ishank Gupta and contributors to hindu-devotional-texts

Permission is hereby granted, free of charge, to any person obtaining a copy of this software and associated documentation files (the "Software"), to deal in the Software without restriction, including without limitation the rights to use, copy, modify, merge, publish, distribute, sublicense, and/or sell copies of the Software, and to permit persons to whom the Software is furnished to do so, subject to the following conditions:

The above copyright notice and this permission notice shall be included in all copies or substantial portions of the Software.

THE SOFTWARE IS PROVIDED "AS IS", WITHOUT WARRANTY OF ANY KIND, EXPRESS OR IMPLIED, INCLUDING BUT NOT LIMITED TO THE WARRANTIES OF MERCHANTABILITY, FITNESS FOR A PARTICULAR PURPOSE AND NONINFRINGEMENT. IN NO EVENT SHALL THE AUTHORS OR COPYRIGHT HOLDERS BE LIABLE FOR ANY CLAIM, DAMAGES OR OTHER LIABILITY, WHETHER IN AN ACTION OF CONTRACT, TORT OR OTHERWISE, ARISING FROM, OUT OF OR IN CONNECTION WITH THE SOFTWARE OR THE USE OR OTHER DEALINGS IN THE SOFTWARE.